हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री



12 सिख समाज ने हर्षोल्लास से मनाई गुरु नानक जयंती


10 दुकान नीलामी में खेल, नगर पालिका के खजाने को...


## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने स्कूटी सवार को चपेट में लिया।आसपास के लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई तीन में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने स्कूटी सवार को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल का नाम बोरसी दुर्ग निवासी राजेश बताया जा रहा है। घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। भिलाई तीन थाने में फिलहाल शिकायत दर्ज नहीं हो पाई है। जहां पर हादसा हुआ है अक्तर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दो पहिया वाहनों को दिक्कत होती है। अक्सर हादसे में यहां उक्त लोग ही चपेट में आते है।

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने वृद्ध को ठोकर मार दिया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक सीजी 07 सीजेड 7779 के चालक ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए वृद्ध को ठोकर मार दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक के शव का शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। मामले में सुपेला पुलिस मृतक का शिनाख्त करने में जुटी हुई है। बताया तो यह भी जा रहा है वृद्ध नशे की हालत में सड़क के आसपास घूमा करता था।

### तेज रफ्तार कार ने पांच मवेशियों को रौंदा

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रही कार ने पांच मवेशियों को रौंद दिया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सड़क पर बैठी मवेशियों पर तेज रफ्तार कार ने रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में गर्भवती एक मवेशी का पैर टूट गया। जबकि अन्य चार मवेशी गंभीर रुप से घायल है। जिसका पूरा वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कृष्णा टॉकीज रोड पर गुप्ता फर्नीचर के सामने की घटना है। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हवा में उड़ रही थी। खबर है कि कार को एक महिला चला रही थी। वार्ड 23 प्रगति नगर धर्मेंद्र भगत ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और कार का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन चालक फरार हो गया। पुलिस और पार्षद क्षेत्र के सीसीटीवी की जांच कर रहे है।

### जिला न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई दस्ते ने जोन 2 वार्ड 15 शांति नगर सड़क 2 में न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया । आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं जोन 2 वैशालीनगर नगर के टीम ने संयुक्त कार्यवाही किए ।

# बेमेतरा डीएवी स्कूल जांता के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत से जहां पूरे देश में उत्सव का माहौल है, वहीं इसी जोश और प्रेरणा की लहर के बीच बेमेतरा के डीएवी स्कूल जांता ने भी अपना परचम लहराया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिकाओं ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर इतिहास रच दिया है। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में डी ए वी जांता के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाली इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में

## अंडर-14, 17 और 19 वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



### 'खेलो, सीखो और दुनिया में नाम रोशन करो' को कर रहे साकारः प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने बताया कि डी ए वी स्पोर्ट्स को भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा यह स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से भी संबद्ध है। डी ए वी केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास की प्रयोगशाला है। हमारे खिलाड़ी 'खेलो, सीखो और दुनिया में नाम रोशन करो' की भावना को साकार कर रहे हैं।

**इन्होंने दी शुभकामनाएंः** इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डी ए वी संस्था प्रमुख एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार, स्कूल प्रबंधक एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. बी. पी. साहू, विद्यालय प्राचार्य पी. एल. जायसवाल, सभी शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय के खिलाड़ी तैराकी, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों में दमखम दिखाएंगे। विशेष बात यह है कि डीएवी की बेटियों ने कबड्डी में अदम्य साहस और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए राज्य स्तर पर विजय पताका फहराई, और अब वे दिल्ली में अपना दम दिखाने को तैयार हैं।

**तीन चरणों में होंगी स्पर्धाएंः** डी ए वी संस्थान की खेल प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित होती हैं - संभाग स्तरीय (क्लस्टर लेवल), राज्य स्तरीय (जोनल लेवल) और राष्ट्रीय स्तर (नेशनल लेवल)। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के 97 डी ए वी स्कूलों के लगभग 3400 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।अंडर-14 के करीब 1000 खिलाड़ी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत महोत्सव : बेमेतरा में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य समापन

# बेमेतरा ने विकास, सुशासन और जनकल्याण में गढ़ी नई पहचानः खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित रजत राज्योत्सव का तीन दिवसीय जिला स्तरीय समारोह बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में सोमवार को उल्लास और उमंग के बीच भव्य समापन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल रहे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकहरिया, रजक बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे।

**विकास यात्रा की झलक बनी विभागीय प्रदर्शनीः** राज्योत्सव के तीसरे दिवस मंत्री बघेल ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और बीते 25 वर्षों की विकास यात्रा को दर्शाती प्रदर्शनी की सराहना की। कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जल संसाधन, शिक्षा, उद्योग, नगरीय निकाय, ऊर्जा (क्रेडा), बीज निगम, जनसंपर्क विभाग सहित 30 से अधिक विभागों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। जनसंपर्क विभाग की 25 वर्षों की प्रगति विषय पर प्रदर्शनी ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। नागरिकों ने यहाँ किसान सशक्तिकरण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, महिला उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना जैसी उपलब्धियों की झलक देख गर्व महसूस किया।



### मंत्री बोले- छत्तीसगढ़ अब आत्मनिर्भरता की ओर

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि बेमेतरा अब विकास, सुशासन और जनकल्याण का प्रतीक बन चुका है। राज्य निर्माण के बाद जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई और सड़क के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पहले जहाँ किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, अब शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल रहा है। किसानों को 5 एचपी तक मोटर पंप पर निशुल्क बिजली दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ को गरीबी और पलायन से जोड़ा जाता था, लेकिन आज यह धान का कटोरा बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा है।

### जनप्रतिनिधियों ने साझा किया विकास का विजन

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज का दिन प्रदेशवासियों के गर्व का प्रतीक है। बेमेतरा जिले में विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। वहीं साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएँ अब धरातल पर दिख रही हैं।

### लोकनृत्य और गीतों से गूँजा राज्योत्सव मंच

समापन दिवस पर स्थानीय कलाकारों और विद्यार्थियों ने नाचा, करमा, सुवा, पंथी जैसे लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे।

**समापन की गूंज- विकास और संस्कृति का संगमः** तीन दिवसीय इस राज्योत्सव ने बेमेतरा की 25 वर्षों की विकास यात्रा, जनभागीदारी और सांस्कृतिक गौरव को एक ही मंच पर जोड़ दिया। समारोह के अंत में पूरा मैदान जय छत्तीसगढ़, जय बेमेतरा के नारों से गूंज उठा और लोगों ने राज्य की प्रगति पर गर्व व्यक्त किया।

# सुरही नदी में 10 वर्षीय मासूम की डूबने से दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

- हंसी से चीख तक का सफर... सुरही में समा गया बचपन
- ग्रामीणों ने की प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग

बुधवार की सुबह देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम डेहरी में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। 10 वर्षीय छविलाल यादव (पिता मुकेश यादव) की सुरही नदी में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब छविलाल अपने साथियों के साथ रोज़ की तरह नदी में नहाने गया था। खेलते-खेलते ज़िंदगी और मौत के बीच छिड़े संघर्ष में मासूम हार गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे छविलाल अपने दोस्तों के साथ सुरही नदी में नहाने गया था। नदी में पानी सामान्य से थोड़ा अधिक था। नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथ में मौजूद बच्चों ने पहले तो उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन पानी के तेज़ बहाव में वह कुछ ही पलों में ओझल हो गया। बच्चों ने चीख-पुकार मचाई, जिसके बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आनन-फानन में नदी में उतरकर खोजबीन शुरू की और करीब बीस मिनट की मशक्कत के बाद बच्चे को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी — बच्चे ने दम तोड़ दिया था।

### देवकर पुलिस चौकी ने की तत्पर कार्रवाई

घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल देवकर पुलिस चौकी को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। आवश्यक पंचनामा और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला पैर फिसलने से डूबने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और घटना स्थल का निरीक्षण भी किया गया है।

### गांव में पसरा मातम, हर आंख नम

डेहरी गांव का हर व्यक्ति इस दर्दनाक हादसे से गहरे सदमे में है। गांव की गलियों में सन्नाटा है, हर घर से आंसुओं की आवाज़ सुनाई दे रही है। मृतक के परिजन पिता मुकेश यादव और माता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण महिलाएं उन्हें ढांढस बंधाने में जुटी हैं, लेकिन किसी के पास शब्द नहीं हैं। गांव के बुजुर्गों ने कहा, हमने पहले कभी इतना दर्दनाक मंजर नहीं देखा। वो बच्चा सबका प्यारा था, अब उसके बिना गांव सूना लग रहा है।

ग्रामीणों ने उठाई सुरक्षा की मांग इस हादसे के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बेमेतरा पुलिस की मानवताः गंभीर मरीज की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चार जवानों ने किया तत्काल रक्तदान
- सेवा और संवेदना का अनूठा उदाहरण

मानवता की मिसाल पेश करते हुए बेमेतरा जिले के पुलिस जवानों ने उस समय एक गंभीर मरीज की जान बचाकर पुलिस सेवा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया, जब जिला चिकित्सालय में भर्ती एक युवती के शरीर में खून की मात्रा बेहद कम रह गई थी। थाना खम्हरिया क्षेत्र की रहने वाली कुमारी सुधा पाटिल गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती थीं। डॉक्टरों के अनुसार उनके शरीर में मात्र 2.3 ग्राम हेमोग्लोबिन रह गया था। हालात इतने नाजुक हो गए कि परिजन घबरा उठे और मदद के लिए इधर-उधर संपर्क करने लगे। इसी बीच किसी ने उन्हें पुलिस नियंत्रण कक्ष बेमेतरा से संपर्क करने की सलाह दी। सूचना मिलते ही ब्लड डोनर्स ग्रुप एडमिन एवं बेमेतरा जिले के पुलिस विभाग से जुड़े चार पुलिसकर्मी — आरक्षक पीलाराम साहू, आरक्षक सुरेश यादव, आरक्षक युगांत साहू एवं महिला आरक्षक खेमा मरकाम ने बिना देर किए रक्तदान करने का निर्णय लिया। सभी पुलिसकर्मी तत्काल जिला चिकित्सालय पहुँचे और टीमवर्क का परिचय देते हुए मरीज को ब्लड डोनेट किया। ▶▶| शेष पेज 11 पर



# कमल ताल को लेकर गहराया विवाद शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

- ग्रामीणों ने मंत्री से की शिकायत

ग्राम पंचायत अकोली में क्षेत्र के सबसे पुराने कमल ताल के रूप में विख्यात नेशनल हाईवे के किनारे स्थित ग्राम खैरा का कमलताल अब कमलविहीन हो गया है। ग्रामीणों ने मंत्री व विधायक से मामले को लेकर शिकायत की है। दूसरी तरफ सरपंच प्रतिनिधि तालाब लेने वाले पर थाने में जुर्म दर्ज कराया है।

ग्रामीणों का कहना है कि उत्तरप्रदेश के रहने वाले धनंजय सोनकर को पांच साल के लिए शासकीय तालाब को अवैध रूप से ख.नं 256 में स्थित 1 . 5500 हे तालाब को राजकीय पुष्प उखाड़ने का ठेका दे दिया गया है। शासकीय तालाब की नीलामी पंचायत स्तर पर मात्र मछली पालन हेतु स्थानीय मछुवा समितियों को या महिला स्व सहायता समूहों को ही दिए जाने के दिशा निर्देश हैं। उनका आरोप है कि कुछ ग्रामवासियों को प्रलोभन में बरगलाकर प्रक्रियाओं से बाहर जाकर एक बाहरी व्यक्ति को मत्सय पालन व सिंघाड़े की खेती के नाम पर पांच साल के लिए दे दी गई है। इसके लिए तात्कालीन सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से शासकीय तालाब को पंचायत से बाहर ही बिना प्रक्रियाओं के बिना नीलामी एक बाहरी व्यक्ति को जो पंचायत क्षेत्र ही नहीं जिला और संभाग का भी निवासी नहीं है। उसे तालाब पचास हजार रुपए सालाना पर दे दिया गया । उक्त अनुबंध के अनुसार तालाब से ग्रामीणों का मछली पकड़ने पर 50 हजार रुपए का अर्थदण्ड रखा गया है।

अब सिर्फ सिंघाड़ा ठेकेदार के गुर्गे ही मछली का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों के उपयोग पर पाबंदी लगा दिए हैं। इस सबकी जानकारी होने पर नवीन सरपंच सुनीता निषाद और उनके पति उपसरपंच रोहित निषाद ने आपत्ति की तो ठेकेदार धनंजय सोनकर ने उलटे हउनको ही धमकाना शुरू कर दिया । सरपंच ने दस्तावेज की मांग की तथा नोटिस जारी कर सिंघाड़ा निकालने मना किया। राज्योत्सव में पंचायत प्रतिनिधिमंडल के साथ रायपुर जा रहे उपसरपंच को फोन कर कर के गाली-गलौच करना चालू कर दिया । और अभी तोड़ूंगा ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मंत्री को कराया अवगत, कार्रवाई का मिला आश्वासन

इस पूरे प्रकरण और घटनाक्रम से खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को भी गौ सेवा आयोग, जिला गौ सेवा समिति सदस्य मारो मंडल के मीडिया प्रभारी विवेक शुक्ला, सरपंच प्रतिनिधि रोहित निषाद पूर्व सरपंच रामखेलावन वर्मा के साथ अवगत कराया गया है। जिस पर उन्होंने मामले को दुर्भाग्यजनक बताते हुए शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से कामकाज ठप

# धान खरीदी में संकट: समितियों में ताले, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेतों में सुनहरी बालियाँ सिर झुका चुकी हैं, लेकिन समितियों के गेट अब सिर उठाए बंद पड़े हैं। धान खरीदी का सीजन दरवाज़े पर है, पर समितियों में कुर्सियाँ खाली, कंप्यूटर बंद और दीवारों पर लिखा है, जब तक हक़ नहीं, खरीदी नहीं। सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने आखिरकार सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। जिले की सभी समितियों में कामकाज ठप, फाइलें धूल फांक रही हैं और किसान खेत से मंडी तक रास्ता नाप रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष जगमोहित साहू का दर्द गुस्से में ढला नज़र आया। बोले - हम वो लोग हैं जो किसानों का धान तौलते हैं, पर सरकार हमें ठेका कर्मचारी कहकर तौल देती है। हमारे लिए हर खरीदी सीजन 'लक्ष्य' होता है, पर सरकार के लिए 'लाभ-हानि का हिसाब'।




हर बार बोनस का वादा होता है, फिर फाइल में गुम हो जाता है। लगता है सरकार को फाइलें ज्यादा प्यारी हैं, कर्मचारी नहीं। साहू ने तंज़ कसते हुए कहा - हम तो धरतीपुत्रों के साथी हैं, लेकिन अब भूखे योद्धा नहीं बन सकते। सरकार चाहे तो समितियों में ताला खुलवाए, वरना किसान खुद सवालों से सरकार को तौल देंगे। किसानों की बेचैनी - धान घर में पड़ा है, समिति में ताला खेतों में कटाई पूरी, धूप तेज़ और चिंता और भी तेज़। ग्राम देवरी के किसान रामकुमार साहू ने कहा कि धान तैयार है, ट्रॉली में बोरी रखी है, पर समिति में ताला लटका है। अब सरकार से पूछो, धान मंडी में बेचें या खेत में सुखाएँ?

धान तोलने वाला भी हड़ताल पर है, और सुनने वाला कोई नहीं। अब किसान खुद को बेचैनी में तौल रहा है। एक अन्य किसान ने व्यंग्य में कहा कि सरकार धान खरीदी को 'उत्सव' बताती है, पर लगता है इस बार उत्सव के साथ उपवास भी जोड़ दिया गया है। कार्यालयों में ताले, चाय दुकानें चर्चा से गरम सोमवार सुबह समितियों के गेट बंद होते ही हर गांव में चर्चा शुरू हो गई कि कब खुलेगा ताला? समिति के बाहर किसान धूप में खड़े रहे, पर अंदर कोई नहीं मिला। चाय की दुकानों पर बातचीत का विषय वही वेतन, बोनस और सरकार की 'धीमी फाइल'। कई समितियों में कर्मचारियों ने अपने कार्यालय के बाहर पोस्टर चिपका दिए - हम कागजों पर नहीं, सड़कों पर हिसाब मांगेंगे। प्रशासन बोले - शासन को भेजी रिपोर्ट, कर्मचारी बोले - अब रिपोर्ट नहीं, रिजल्ट चाहिए जिला प्रशासन बेमेतरा ने कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगों की रिपोर्ट शासन को भेजी है। पर संघ का कहना है - हर बार यही होता है, रिपोर्ट जाती है, जवाब नहीं आता। अब हम रिपोर्ट में नहीं, रिजल्ट में भरोसा करते हैं। हम किसान के साथी हैं, पर भूखे नहीं - आंदोलन का नारा गूंजा संघ का नया नारा अब हर समिति की दीवार पर गूंज रहा है - हम किसान के साथी हैं, पर भूखे नहीं! कर्मचारियों का कहना है कि अगर शासन ने शीघ्र समाधान नहीं किया, तो खरीदी केंद्रों में धूल उड़ेगी और शासन कार्यालयों में सवाल। खरीदी व्यवस्था पर मंडराया संकट जानकारों का मानना है कि यदि हड़ताल लंबी चली, तो जिले में लाखों क्विंटल धान खरीदी प्रभावित होगी। धान की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा और किसानों की आमदनी पर भी। एक वरिष्ठ कृषि अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि धान खरीदी में ▶▶| शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में बेमेतरा के प्रियांशु सिन्हा का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



खेल के मैदान में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के ममता क्लब, नवागढ़ के होनहार कबड्डी खिलाड़ी प्रियांशु सिन्हा (सोम) का चयन 35वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए किया गया है, जो गोहाना (सोनीपत, हरियाणा) में आयोजित होगी।

प्रियांशु के चयन की खबर मिलते ही पूरे नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। ममता क्लब परिवार, खेल प्रेमी व नगरवासी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सभी ने प्रियांशु को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में ममता क्लब, नवागढ़ से यह दूसरा खिलाड़ी है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। इससे पहले क्लब के खिलाड़ी राहुल सप्रे ने बिच कबड्डी चैम्पियनशिप, मछलीपट्टनम में अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। प्रियांशु के चयन को लेकर क्लब के कोच व पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं को प्रेरित करेगी और आने वाले समय में बेमेतरा के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे।

## खबर संक्षेप



### कवर्धा ने जीता सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**गंडई पंडरिया।** पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में आयोजित सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला कवर्धा महाविद्यालय और शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के बीच हुआ। शानदार प्रदर्शन करते हुए कवर्धा की टीम ने खिताब अपने नाम किया और विजेता बनी। दिग्विजय कॉलेज उपविजेता रहा। बता दे कि पूरे प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने किया। क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती अनीता पौषार्य ने बताया कि अब टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनकर 6 और 7 नवम्बर को कांकेर में होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए संयुक्त टीम बनाई गई है, जो कांकेर में जाकर अपना प्रदर्शन करेंगे।

### फरार मवेशी तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**छुईखदान।** गौवंश तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत दर्ज प्रकरण के आरोपी शोभित गोंड़ पिता स्व. भारत गोंड़ निवासी बाबूनवागांव गत 9 अक्टूबर से फरार था। अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को 4 नवंबर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे उपजेल सलोनी भेजा गया।

### कसारी में 7 तक भागवत प्रवचन



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम कसारी में 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक भागवत प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन कृष्ण बिहारी वैष्णव और उनकी पुत्री द्वारा कराया जा रहा है। भाजपा नेत्री संगीता वैष्णव ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कराने का मूल उद्देश्य पूर्वजों की आत्माओं की शांति व मुक्ति तथा जगत कल्याण है। उक्त जानकारी संगीता वैष्णव ने दी।

---

### नगर पालिका के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे सुध

# दुकान नीलामी में खेल, नगर पालिका के खजाने को नुकसान

## नपा में भ्रष्टाचार और अनियमितता चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण के बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। अनुपयोगी सामानों की बोगस खरीदी के बाद ताजा मामला दुकानों की नीलामी में किए गए खेला का है, जिसमें नपा ने अपने ही खजाने को करीब 65 लाख का नुकसान पहुंचाया है।

आरोप है कि यह सब कुछ पार्षद और पतियों के इशारे पर किया गया, ताकि उनके रिश्तेदारों को सस्ती कीमत में दुकानें मिल सकें। जानकारी अनुसार फतेह मैदान मे पुराने थाने के पास 3 और मणिकंचन केंद्र धरमपुरा में बनी 8 शेष दुकानों को मिलाकर 11 दुकानों की नीलामी नपा ने दो चरणों में की है। इन सभी दुकानों की अंतिम बोली 1 करोड़ 48 लाख 42 हजार रुपए तक पहुंची थी, लेकिन तय समय सीमा में किसी भी अंतिम बोलीकर्ता ने राशि जमा नहीं की। नियमानुसार ऐसी स्थिति में इन्हें नीलामी प्रक्रिया से बाहर किया जाना चाहिए था परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया और उन्हीं लोगों को दुबारा नीलामी में शामिल कर लिया।



### एक दुकान में ही बढ़ी कीमत, बाकी में नुकसान

दुकान 3 की पहली कीमत 12 लाख 81 हजार रुपए थी, जिसे नोहर धुर्वे ने लिया था। पुनः नीलामी में यह दुकान राजू शाह को 4 लाख 2 हजार रुपए में मिली मतलब 8 लाख 79 हजार रुपए का घाटा। 14 नंबर दुकान पहले 12 लाख 10 हजार रुपए में नदीम मेमन ने लिया पुनः नीलामी में वही दुकान 3 लाख 72 हजार रुपए में बिकी। दुकान क्रमांक 18 पहले 12 लाख रुपए मे बिक्री बाद मे वह 8 लाख 10 हजार रूपए कम 3 लाख 90 हजार रुपए में बिकी। दुकान 19 भी कम कीमत में गई यह दुकान पहले 11 लाख 40 हजार रुपए में बिकी थी बाद मे त्रिलोक कोठले को 3 लाख 35 हजार रुपए में दे दी गई यानि 8 लाख 5 हजार रुपए का घाटा। फतेह मैदान स्थित दुकान 2 भी घोटाले की मिसाल बनी। इसे पहले कैलाश नागरे ने 7 लाख रुपए में लिया था, जो बाद मे राजेश धुर्वे को 2 लाख 91 हजार रुपए में मिली। सिर्फ दुकान क्रमांक 13 में बढ़ोतरी हुई, इमरान खान द्वारा ली गई इस दुकान को खुलेश्वर सिन्हा ने 1 लाख 60 हजार रुपए अधिक देकर 25 लाख रुपए में खरीदा।

### कांग्रेस-भाजपा पार्षदों ने उठाया लाभ

14 अक्टूबर 25 को दुबारा नीलामी की औपचारिकता सिर्फ कागज पर पूरी कर ली गई। इस बार भी वही पुराने बोलीकर्ता शामिल हुए, जिन्हें पिछली बार से लाखों रुपए कम दर में दुकानें दी गईं थी। उदाहरण तौर पर धरमपुरा के मणिकंचन केंद्र के पास बनी दुकान क्रमांक 1 को अमलीडीह वार्ड पार्षद शत्रुघ्न धृतलहरे की धर्मपत्नि उमा धृतलहरे ने पहले 14 लाख 61 हजार रुपए में खरीदा था। रकम जमा नही करने के बावजूद नीलामी में वही दुकान उन्हें 3 लाख 61 हजार रुपए का घाटा उठाकर नपा ने 11 लाख रुपए में दे दिया। इसी तरह दुकान क्रमांक 5 व 6 को पिपरिया वार्ड पार्षद शैलेंद्र वर्मा के सगे भाई नरेंद्र वर्मा ने पहले क्रमशः 9.50 लाख और 10.50 लाख रुपए में खरीदा था लेकिन राशि जमा न की। बाद में इन्हीं दुकानों को उन्हें फिर से 3.90 लाख और 3.75 लाख रुपए में दे दिया गया इससे नगर पालिका को 12 लाख 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ। इसी तरह 2 नंबर दुकान पहली बोली लगाकर 15 लाख रुपए मे चंद्रकांत बिदानी ने लिया था, लेकिन भुगतान नहीं किया। पुनः नीलामी में वही दुकान त्रिलोक कोठले को मात्र 3 लाख 80 हजार रुपए में मिल गई यानि 11 लाख 20 हजार रुपए का नुकसान।

### अभी बाहर हूं

संबंधित शाखा से डिटेल जानकारी ले सकते हैं अभी मैं बाहर हूं बाद में बात करता हूं। **-कोमल ठाकुर** सीएमओ

---

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



- लगभग 500 बच्चों में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम बूढ़ासागर में हाल ही में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य और सफल आयोजन किया गया, जिसमें संकुल के चार प्राथमिक शाला और दो माध्यमिक शाला के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान लगभग 490 बच्चों में खेल के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव, संकुल प्राचार्य प्रतिनिधि शरद नेताम और प्रधान पाठक श्रीमती सीता साहू के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। खेल प्रभारी मायाराम राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विभाग के 340 बच्चों ने 20 खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, वहीं माध्यमिक शाला के 150 बच्चों ने 18 खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### खेल के प्रति बच्चों का जुनून

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बूढ़ासागर के सरपंच संजू खुसरो और अध्यक्षता कर रहे एसएमसी के अध्यक्ष संतोष पटेल सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। बच्चों में खेल के प्रति जुनून देखते ही बन रहा था, वे सुबह से ही मैदान में उपस्थित होकर रेफरी के निर्देशों का पालन कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के शिक्षकों लेखराम पटेल, आलोक वैष्णव, पूर्णानंद धनकर, विजय चौरे, भागचंद साहू, महेश वर्मा, भिखेंद्र जंघेल, मयाराम राठौर, संगीता महोबिया, निर्मला जगत, भुनेश्वरी मेरावी, यमुना खुशरो और समस्त ग्रामवासियों ने महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया।

### आज एक दिवसीय चयन स्पर्धा

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही खेलो इंडिया सेंटर के लिए एक दिवसीय चयन स्पर्धा कल 6 नवंबर को सुबह 9 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है। उक्त चयन स्पर्धा में 01 जनवरी 2010 से 01 जनवरी 2016 में जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता होगी। इस चयन स्पर्धा राजनांदगांव के हॉकी खिलाड़ी ही भाग लेंगे।

---

# छुरिया के 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया तहसील अंतर्गत पूर्व में कुल 19527 किसानों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान विक्रय किया गया था। जिसमें से 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा चुका है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष 374 किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। साथ ही छुरिया तहसील अंतर्गत कृषकों के भूमि का गिरदावरी किया गया है। जिन ग्रामों का जियो रिफ्रेसिंग हुआ है, उन ग्रामों का डीसीएस पोर्टल के माध्यम से सर्वेयरों द्वारा डिजिटल गिरदावरी किया गया है। इसके साथ ही जिन ग्रामों में जिओ रिफ्रेसिंग नहीं हुआ है, उन ग्रामों में हल्का पटवारियों द्वारा कृषि भूमि का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कर गिरदावरी की प्रविष्टि भुईयां पोर्टल के माध्यम से किया गया है। छुरिया तहसील अंतर्गत शासकीय पट्टेदार, वन अधिकार मान्यता पत्रकधारी का गिरदावरी प्रविष्टि पीवी एप के माध्यम से किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी का मोबाइल पीवी एप सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन 30 नवंबर 2025 तक करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित तिथि तक आवश्यकतानुसार संशोधन (सत्यापन) कार्य कर लिया जाएगा। घुमका तहसील अंतर्गत हल्का पटवारी-3 में कुल 6 ग्राम हैं। जिसमें गिरदावरी हेतु कुल खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 1144, कलकसा में 815, कौहाकुड़ा में 613, ढाबा में 628, भरकाटोला में 1370 एवं सहसपुर दल्ली में 1050 है। डीसीएस के माध्यम से गिरदावरी पूर्ण खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 816, कलकसा में 587, कौहाकुड़ा में 308, ढाबा में 383, भरकाटोला में 792 एवं सहसपुर दल्ली में 552 है। मैनुअल गिरदावरी के माध्यम से ग्राम अमलीडीह, कौहाकुड़ा, भुरकाटोला, ढाबा एवं सहसपुर दल्ली की शेष खसरों की गिरदावरी पूर्ण की गई है। तकनीकी समस्या आने के कारण ग्राम कलकसा की लगभग 228 खसरों की मेनुअल गिरदावरी पूर्ण नहीं की जा सकी है, जिसे पूरा करने आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सरदार पटेल की मनाई गई जयंती

**राजनांदगांव।** शासकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाई जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता डॉ. फुलसो पटेल प्राध्यापक इतिहास शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय उपस्थित थी। कार्यक्रम प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र ने सरदार पटेल के कार्यों पर प्रकाश डालते कहा कि सन 1946 में भारत में जो अंतरिम सरकार बनी थी, उसमें सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाया गया। विभाजन के पश्चात उन्होंने भारत सरकार का गृह विभाग संभाला। उन्होंने बड़ी बुद्धिमता और कुशलता से देशों की रिसायतों की समस्या को सुलझाया। सरदार पटेल निर्भीक एवं अटल थे। उन्होंने विभाजन के समय देशभर में पूर्ण शांति व्यवस्था स्थापित करने का महान कार्य किया। मुख्य वक्ता डॉ. पटेल ने कहा कि सन 1927 में बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व वल्लभ भाई पटेल ने किया था और इसी समय जनता ने सरदार की उपाधि से सुशोभित किया। सन 1942 में भारत छोड़ो प्रस्ताव का समर्थन सरदार पटेल ने किया था। उनके बारे में लुई फिशर ने कहा था कि गांधी और जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व में चलने वाली कांग्रेस के वल्लभ भाई पटेल राजनैतिक कर्णधार है। सरदार पटेल के अंदर दल संगठित करने की अदभुत क्षमता थी। वे जीवन के व्यवहारिक पथ पर जोर देते थे। कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि सरदार पटेल को महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत के विभिन्न रियासतों को भारत में एकीकृत करना था।

# विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को उमा चौबे ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में, श्रीमती उमा चौबे ने टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस जीत को भारत के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया।

श्रीमती चौबे ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के लिए इस जीत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि छत्तीसगढ़ की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी का योगदान इस जीत में शामिल रहा है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है।

### कवर्धा की आकांक्षा ने निभाई अहम भूमिका

कवर्धा जिले की निवासी आकांक्षा सत्यवंशी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ बतौर फिजियोथेरेपिस्ट और स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट अपनी सेवाएं दी। श्रीमती चौबे ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षा ने खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और उनके प्रदर्शन को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।श्रीमती चौबे ने इस जीत को नारी शक्ति, संघर्ष, परिश्रम और अटूट आत्मविश्वास की जीत बताया। आकांक्षा सत्यवंशी ने सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र या राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहती।

# कांग्रेस ने मनाई राजा देवव्रत सिंह की पुण्यतिथि

**छुईखदान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान द्वारा कांग्रेस के नेता एवं पूर्व विधायक पूर्व सांसद स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, कोमल साहू, ललित महोबिया, प्रमोद सिंह, कामदेव जंघेल, आलोक यादव, मोहन तिवारी, रिंकू गुप्ता, घसिया जंघेल, केदार जंघेल, नज़रुद्दीन, विजय वर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, नीरज महोबिया सहित अनेक कांग्रेस



कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. देवव्रत सिंह ने सदैव जनता के हितों को प्राथमिकता दी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। वे न केवल एक जननेता थे, बल्कि सरल स्वभाव और सशक्त नेतृत्व के प्रतीक थे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# विशेष शिविर का समापन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम रामपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बीते दिनों हुआ। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और सहयोग की भावना से जोड़ती है, जब युवा समाज के साथ जुड़ते हैं, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होता है।" विशिष्ट अतिथि सावन वर्मा एवं सुरेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, जल संरक्षण और पोषण जैसे अभियानों में युवाओं की सहभागिता समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक है।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि "एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का सच्चा अनुभव कराता है। इस अवसर पर आशानंद माखीजा, एसआर कन्नोजे, नमिताभ जैन, पंकज कुरंजेकर, यतीश कुमार साहू, मनीष साहू उपस्थित रहे।

---

### सभी बोर्डों के परीक्षा प्रश्न पत्रों में एकरूपता लाने की पहल

# डीएलएड ब्लू प्रिंट निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल और परख एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयोजन में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मंशानुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत पूरे देश में सभी बोर्डों के परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल की जा रही है। इसी अनुक्रम में मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार एनसीईआरटी नई दिल्ली परख विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ इन्द्राणी भादुरी के निर्देशन पर उपसचिव विद्योचित डॉ बीरघु के मार्गदर्शन प्रीति शुक्ला प्रभारी उपसचिव प्रशासनिक के सहयोग से तीन दिवसीय डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह कार्यशाला मंडल कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जहॉ विषय प्रवेश पूर्व शिक्षा के



उद्देश्यों पर चर्चा बाद पाठ्यक्रम का ज्ञान, प्रश्न पत्र निर्माण व मॉडरेशर पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार साहू, मनीषी सिंह, शिवा सोमवंशी, अलका जैन, अहर्लिश पॉल, डॉ रीता चैबे, डॉ माधुरी बोरेकर, ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कार्यशाला सह प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त प्रश्नपत्र निर्माण करने के लिए ब्लूप्रिंट का ज्ञान व जानकारी आवश्यक है।

### बदलाव को बताया आवश्यक कदम

पहली बार पृथक तौर पर आयोजित कार्यशाला मे डाइट से व्याख्याता डॉ.रचना दत्त और व्याख्याता डॉ मोनिका सिंह शामिल हुई। कार्यशाला मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के नवीन ब्लू प्रिंट 6 डोमेन के आधार पर ज्ञानात्मक अंतर्गत परिभाषा, सिद्धांत, तथ्यों को पहचान, सूचना इत्यादि पर आधारित स्मरण क्षमता पर आधारित प्रश्न, अवबोधात्मक के अंतर्गत अर्थ, व्याख्या, अंतर स्पष्ट करने, वैचारिक समझ, भावानुवाद, अनुप्रयोगात्मक अंतर्गत उदाहरण सहित संदर्भ और समझ के आधार पर दी गई। वही नई परिस्थितियों को समझने, सिद्धांत का समाधान, हल निकालना, विश्लेषणात्मक के अंतर्गत वर्गीकृत, तुलनात्मक, व्याख्या विभिन्न श्रोतों पर आधारित विशेष जानकारी को समाहित करने, एकीकरण, सुसंगठित, मूल्यांकन, समीक्षा, मूल्य निर्धारण, निष्कर्ष निकालने, चयन करने, तर्क आधारित, पूर्वानुमान, योजना बनाने, परिकल्पना करने, संगठित करने के आधार पर नया ब्लूप्रिंट तैयार किया गया। प्रशिक्षण में ब्लूप्रिंट अवधारणा, शैक्षिक उद्देश्यों पर आधारित प्रश्न उनके प्रकार, संतुलित प्रश्नपत्र निर्माण के सोपान, शैक्षिक उद्देश्यों पर आधारित अपने विषय के प्रश्नों का निर्माण किया। ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला आयोजन को लेकर डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा ने डीएलएड पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के सभी डोमेन में आकलन करने ब्लू प्रिंट में इस बदलाव को आवश्यक कदम बताया।

# जनपद पंचायत ने मोर सुविधा मोर अधिकार, वाट्सअप नंबर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पेंशन और राशन कार्ड सहित आवास और मनरेगा हितग्राहियो के लिए जनपद पंचायत ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। फतेह मैदान में आयोजित राज्योत्सव स्टाल से जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य सरस्वती सन्नी यदु, खेमराज जैन, कोमल वर्मा ने बकायदा पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की। जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने टोल फ्री नंबर जारी करने की वजह को लेकर बताया कि मोर सुविधा मोर अधिकार तहत पेंशन और राशन कार्ड के लिए हितग्राही 6267927382 और पीएम आवास सहित मनरेगा को लेकर 6267906818 जिसमे वाट्सअप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है




उक्त दोनों नंबरों पर संबंधित हितग्राही दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक एकाउंट, पीएमएवाई आईडी, जॉब कार्ड अपलोड कर उक्त योजनाओ के क्रियांवयन में आ रही दिक्कतों की जानकारी देते है तो सात दिवस मे भीतर उनकी समस्या, शिकायत का निवारण किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और मोर सुविधा मोर अधिकार को लेकर जनपद पंचायत द्वारा उक्त पहल की गई है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से योजना के क्रियांवयन में आ रही दिक्कतों को लेकर उक्त नंबरों पर अपनी समस्या लिखकर भेजने की अपील की है।

# पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी फिर महंगी क्यों? प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने बिजली दर की वृद्धि के विरोध में मंगलवार को पटेल चौक के पास धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का विरोध किया गया। संगठन के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है।

छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है। इस अवसर पर संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा जनता को हो रही परेशानियों पर आज विशाल धरना दिया गया। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है। आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। प्रदर्शन के दौरान देवेंदर भाटिया, गीतेश्वरी बघेल, ज्ञान तिवारी, अजय रामटे, रजत पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी ने कलेक्टोरेट के सामने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




### निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदकर उन्हें फायदा पहुंचाने साजिश

आप ने कहा कि सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है। निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों?सरकार लाइन लॉस 15-20% बताती है। सालों से करोड़ों रुपये लाइन लॉस करने के लिए लगाया जा रहा है। मतलब साफ है लाइन लॉस के नाम पर भी धांधली। वहीं बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं।विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

### 3 जुलाई को भी किया गया प्रदर्शन, जनता हो रही परेशान

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली दर वृद्धि का विरोध हर स्तर पर जारी है। पार्टी द्वारा पूर्व में भी 3 जुलाई को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन दिया था और धरना प्रदर्शन किया था, किन्तु सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी इसलिए आम आदमी पार्टी सरकार से पुनः मांग है कि आम जनता के हितों को देखते हुए यह बढ़ी हुई बिजली दर कम करे। यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी।

## खबर संक्षेप



### वचन मिल्क फैक्ट्री का कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन विभाग में एक सराहनीय पहल के तहत बायो रसायन छात्र छात्राओं को वचन मिल्क प्रोडक्शन फैक्ट्री खगोरा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बायो रसायन विषय के 45 की विद्यार्थियों और दो प्राध्यापक उपमा श्रीवास्तव और अरुंधती खंडेलवाल के मार्गदर्शन में क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने दूध उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और सीखा। फैक्ट्री के विशेषज्ञों ने छात्राओं को बताया कि दूध को कैसे परीक्षण कर विभिन्न उत्पादों जैसे दही, पनीर, घी और फ्लेवर्ड मिल्क में परिवर्तित किया जाता है। उन्होंने पूरी प्रक्रिया के वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग से जुड़ी समझ को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने वचन डेयरी प्रबंधन का सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्व. मित्र लाल गुप्ता के काव्य संग्रह का विमोचन बिताये पलों को किया याद

**भिलाई।** भिलाई। दुर्ग शहर के पदमनाभपुर स्थित ज्येष्ठ नागरीक संघ के सभागार में स्व मित्र लाल गुप्ता के काव्य संग्रह जीवन पथ का विमोचित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ मंडरीक, वरिष्ठ साहित्यकार गुलबीर भाटिया, समीक्षक की भूमिका में सरला शर्मा और रवि श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ममता दानी और डॉ संजय दानी ने किया।कार्यक्रम में गुप्ता परिवार के सदस्य, साहित्यकार और वरिष्ठ नागरिक संघ के सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ ममता दानी ने अपने स्व. पिता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ संजय दानी ने जीवन पथ को शायरी के जरिये रेखांकित किया। कार्यक्रम में नागपुर से आये गुप्ता समाज के सदस्य दीपक गुप्ता ने भी स्व .मित्र लाल गुप्ता के व्यक्तितव पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ बिताये कुछ खास पलों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। निष्ठा गुप्ता और अनुष्का गुप्ता ने अपने दादाजी द्वारा रचित कविता का पाठ किया।

### जिला न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई दस्ते ने जोन 2 वार्ड 15 शांति नगर सड़क 2 में न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया । आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं जोन 2 वैशालीनगर नगर के टीम ने संयुक्त कार्यवाही किए । शांतिनगर सड़क 2 में राजपाल सिंह व सुमन वानखेड़े के बीच भूखण्ड में किये गये भवन निर्माण को लेकर न्यायालय दुर्ग द्वारा पारित आदेश 30 जुलाई 2025 के अनुसार भूखण्ड क्रं 17 पर राजपाल सिंह द्वारा निर्माण किये भवन के जर्जर संरचना को जेसीबी से ध्वस्त कर भूखण्ड का आधिपत्य सुमन वानखेड़े को सौंपा गया। कार्रवाई के दौरान भवन अनुज्ञा के उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, जोन 2 के चंदन निर्मलकर, जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ के नोडल अधिकारी विनय शर्मा, सहायक नोडल हरिओम गुप्ता, वार्ड प्रभारी मदनमोहन तिवारी, हरि ताम्रकार सहित जामुल पुलिस का बल उपस्थित रहा

## जामुल पालिका में संवारा गया गार्डन अनदेखी का शिकार

# नाम है पुष्पवाटिका... जहां होती है नशाखोरी

# मुख्य द्वार, कुर्सियां उजाड़, पुतलों के सिर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल के कई पार्क आज अपनी पहचान खो चुके हैं। कभी बच्चों की हंसी और परिवारों की आवाज से गूंजने वाले ये पार्क अब गंदगी और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन गए हैं।

वार्ड 18 की पुष्पवाटिका और वार्ड 14 अटल आवास के पास बना पार्क, दोनों ही जगह सफाई का नामोनिशान नहीं है। पुष्पवाटिका के चारों ओर डिस्पोजल गिलास, पानी के पाऊच बिखरी पड़ी हैं। हाल ये है कि पार्क से ज्यादा शराबखाने का नज़ारा लगता है। वहीं अटल आवास पानी टंकी परिसर में सामने की ओर तो साफ सफाई है लेकिन जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं, वह जंगली झाड़ियों से घिरा हुआ है। पुष्पवाटिका में बने आपन जिम भी शो पिस बनकर रह गया है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए पुष्पवाटिका को अगर ऐसी ही उपेक्षा झेलनी है, तो विकास के सारे दावे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

## मेंटेनेंस के नाम पर हो रही सिर्फ पैसों की बर्बादी





### स्टेडियम का मुख्य द्वार भी जर्जर

जामुल कॉलेज के पास बना स्टेडियम अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। कभी खेल प्रेमियों और विद्यार्थियों की गतिविधियों से गुलजार रहने वाला यह मैदान अब लापरवाही की तस्वीर बन गया है। मुख्य द्वार जर्जर हो चुका है। गेट पर लगाए गए मॉडल और सजावटी हिस्से भी खंडहर में बदल चुके हैं। गेट हमेशा खुला रहने से अब यहां मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। मैदान में जगह-जगह गोबर, गंदगी और झाड़ियां फैली हैं।





### शराब पार्टी का ठिकाना बनी पुष्पवाटिका

लोगों का कहना है कि यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शाम होते ही पार्क शराब पार्टी का ठिकाना बन जाता है, जिससे स्थानीय लोग और परिवार पास भी नहीं फटकते। दिन में भी लोग जाम झलकाते हुए नजर आते हैं। कभी-कभार प्रेमी युगल तो दिख जाते हैं, लेकिन आम नागरिकों के लिए ये जगह अब असुरक्षित हो चुकी है। आम जनता अब यही उम्मीद कर रही है कि जामुल नगर पालिका प्रशासन निंद से जागे और इन पार्कों की हालत सुधारने की दिशा में तुरंत कदम उठाए।

## 8 को देवांगन नाइट, सामाजिक प्रतिभाओं को मिलेगा मंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 8 नवंबर को देवांगन नाईट सांस्कृतिक समारोह का भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य देवांगन समाज की प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित करना है।

- नृत्य, गायन, वादन सहित चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन भी

यह निर्णय समिति की बैठक में लिया गया। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि इसके तहत अनेक आकर्षक कार्यक्रम एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में देवांगन समाज के उत्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट जनों को पुरोधाओं के नाम से अलंकरण सम्मान प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समिति के सांस्कृतिक विभाग द्वारा नृत्य प्रतियोगिता-एकल, युगल एवं समूह वर्ग में, गायन प्रतियोगिता-एकल, युगल एवं समूह वर्ग में, वादन प्रस्तुति- कोई भी वाद्ययंत्र का वादन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा कला विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, बालिका एवं महिलाओं हेतु रंगोली व मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के महिला सशक्तिकरण एवं कुटीर उद्योग विभाग द्वारा समाज की महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री का स्टाल लगाया जाएगा। इस संबंध में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की बैठक में देवांगन नाईट के आयोजन को सफल बनाने हेतु जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, जितेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रामगोपाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, खेल प्रभारी हेमकैलाश देवांगन आदि मौजूद थे।

## धान उपार्जन, सिकलसेल, शिक्षा और राजस्व कार्यों की समीक्षा



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पोर्टल खुलने से पहले पुनः सत्यापन सुनिश्चित करें और इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु 6 नवम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अधिकारी अपने सभी संदेहों का समाधान कर सकते हैं।कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों, पटवारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के लिए स्पायरो पोर्टल के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए।

### किसानों को शीघ्र मिले मुआवजा, निर्देश

बैठक में उन्होंने बताया कि 400 केवी पावरग्रिड से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि जिन मतदाताओं का सूची से मिलान हो गया है, उनकी प्रविष्टि बीएलओ एप के माध्यम से तत्काल करवाई जाए। इसके लिए विश्वास पात्र ऑपरेटर की ड्यूटी लगाकर उनकी मॉनिटरिंग भी की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सिकलसेल परीक्षण और वय वंदना कार्ड की स्थिति की जानकारी ली।

## छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर गाया राजगीत, लौह पुरुष की मनाई जयंती



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर द्वारा कूर्मि भवन सेक्टर-7 में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर राजगीत से की गई। उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने सभी जन को भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी कूर्मि समाज भिलाई के संस्थापक सदस्यों में जगदीश प्रसाद कौशिक, छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज के पूर्व अध्यक्षों से गिरवर कुमार आडिल, पुनीतराम चंद्राकर, वेदराम देशमुख, महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, ईश्वरी वर्मा राजप्रधान दुर्ग राज, अश्वनी चंद्राकर संरक्षक, कूर्मि समाज भिलाई अध्यक्ष संतोष पाटनवार उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष संतोष पाटनवार ने आह्वान किया कि हम सरदार पटेल के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और देश के विकास में योगदान देने का प्रयास करें।

छत्तीसगढ़ी कूर्मि समाज भिलाई के स्थापना काल से कूर्मि भवन के आधुनिकतम निर्माण तक समर्पण व सहयोग के लिए कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई द्वारा जगदीश प्रसाद कौशिक, गिरवर कुमार आडिल, पुनीतराम चंद्राकर, वेदराम देशमुख का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन चंद्राकर व सचिव अजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर रामधनुष चंद्राकर, प्रेमलाल पिपरिया, अनामिका सिंगसार्वा, लल्ली पाटनवार, राजेश वर्मा, नवनीत हरदेल, हेमंत चंद्रा, दिलीप देशमुख, राजेन्द्र चंद्राकर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### बेमेतरा डीएवी स्कूल ...

डी ए वी हुडको भिलाई में,0अंडर-17 के लगभग 1200 खिलाड़ी जगदलपुर (बस्तर) में और अंडर-19 के लगभग 1200 खिलाड़ी बिलासपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महोत्सव में शामिल हुए थे।

### सुरही नदी में 10 वर्षीय ...

बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि नदी किनारे कोई चेतावनी बोर्ड नहीं है, न ही सुरक्षा जाल या बैरिकेडिंग की व्यवस्था। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और पंचायत स्तर पर जल्द सुरही नदी किनारे सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि आगे किसी परिवार को ऐसी पीड़ा न झेलनी पड़े। गांव के युवाओं ने कहा कि नदी को पिकनिक स्थल की तरह इस्तेमाल किया जाता है, जबकि उसके गहरे हिस्से बेहद खतरनाक हैं, यहां स्थायी चेतावनी संकेत और सुरक्षा तैनाती जरूरी है।
**मासूम की यादें छोड़ गई टीसः** छविलाल गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पाँचवीं का छात्र था। पढ़ाई में होनहार और स्वभाव से हंसमुख। सुबह दोस्तों के साथ स्कूल जाने की बातें करने वाला वही बच्चा अब गांव के लिए एक स्मृति बन गया है। उसकी मौत ने हर किसी के दिल में सवाल छोड़ दिया है, क्या थोड़ी सी सतर्कता और सुरक्षा होती, तो एक जीवन बचाया जा सकता था?

### बेमेतरा पुलिस की ...

ब्लड चढ़ते ही सुधा की स्थिति में सुधार आने लगा। युवती के परिजनों ने राहत की सांस ली और भावुक होकर चारों पुलिसकर्मियों व जिला पुलिस बेमेतरा का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।
जनसेवा ही पुलिस का प्रथम कर्तव्य- जवानों का संदेश रक्तदान के बाद चारों जवानों ने कहा कि जनसेवा और मानव सेवा ही पुलिस का सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद की मदद करने से बड़ी कोई ड्यूटी नहीं। उनकी यह भावना पूरे जिले में प्रेरणा का संदेश दे रही है।
**पुलिस की संवेदनशीलता बनी मिसालः** बेमेतरा पुलिस की इस पहल ने एक बार फिर यह साबित किया कि वर्दी केवल कानून और व्यवस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि करुणा, संवेदना और सेवा का भी प्रतीक है। इस घटना ने न केवल युवती को नई जिंदगी दी, बल्कि समाज में यह विश्वास भी मजबूत किया कि पुलिस जनता की सुरक्षा के साथ-साथ जीवन रक्षा की भी प्रहरी है।

### कमल ताल को लेकर ...

जो करना है करलो तालाब अब मेरा कहा। इस विवाद के बाद कुछ ग्रामीणों ने थाने में सरपंच प्रतिनिधि रोहित निषाद व पूर्व प्रभारी सरपंच समाजसेवी मनीष शुक्ला और अन्य के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है ।
जबकि सरपंच पति द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाने पर पुलिस टालमटोल करती रही। क्योंकि सरपंच पति उपसरपंच और कई बार के गुड सेमेरिटन पूर्व सरपंच मनीष शुक्ला रिंकू महराज के विरुद्ध ठेकेदार की रिपोर्ट पर दर्ज हुई । जिसमें पुलिस ने 1 / 11 /25 को 16 : 10 पर 115 (2) , 296 , 3/5 , 351 (3) बीएनएस पर कायमी की । सरपंच प्रतिनिधि की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्राथमिकी 3 / 11 / 25 को 12 : 40 में 296 , 35/3 , 115/2, 3 (5) बीएनएस दर्ज किया है।

### धान खरीदी में संकटः समितियों ...

देरी का असर सीधे सरकार की छवि पर पड़ेगा। किसान भावनात्मक भी है और व्यावहारिक भी - धान बेचना मजबूरी है, पर इंतजार सीमित। फाइलों में खरीदी, कागजों में किसान सरकार हर साल धान खरीदी को 'सिस्टम की सफलता' बताती है, पर इस बार सिस्टम की सफलता तालों में कैद है। किसानों का धान तैयार है, पर समितियों की चाबी अब सरकार के फैसले में फंसी है। कहीं ऐसा न हो कि धान मंडी पहुँचने से पहले उम्मीदें ही सूख जाएँ।

## राज्योत्सव में विधिक साक्षरता का दिखा नया स्वरूप नुक्कड़ नाटक में दिखाया न्याय सबके लिए

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के रजत जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों में उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट पहल की।

राज्योत्सव परिसर में प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के ध्येय वाक्य "न्याय सबके लिए" की आकर्षक थीम पर विशेष विधिक साक्षरता स्टॉल लगाया गया। यह स्टॉल आमजन को सरल भाषा में कानूनी जानकारी प्रदान करने का केंद्र बिंदु रहा। जिसमें नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा संचालित बच्चों की समस्याओं से संबंधित व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, मध्यस्थता, लोक अदालत, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति आदि कानूनी विषयों के बारे में विस्तार से बताकर उनका मार्गदर्शन किया गया। साथ ही आने वाले लोगो को कानूनी जानकारी युक्त पॉमप्लेट, ब्रोशर एवं परामर्श पर्चे वितरित किए गए, जिससे वे घर जाकर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कवर्धा के चिन्मय सोनी का एमबीबीएस में चयन

**कवर्धा।** करपात्री चौक निवासी चिन्मय सोनी ने एमबीबीएस में चयनित होकर शहर का नाम रौशन किया है। चिन्मय को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिली है। चिन्मय प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। वे शिक्षक पुनम कुमार सोनी एवं श्रीमती स्नेहलता सोनी के सुपुत्र हैं। अपनी सफलता का श्रेय चिन्मय ने अपने माता-पिता, गुरूजनों तथा बड़ों के आशीर्वाद को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार तथा नगर में हर्ष का वातावरण है। चिन्मय की सफलता पर भगवती सोनी , बहादुर सोनी नेऊर, श्रीमती कुसुम सोनी, राकेश कुमार सोनी, श्रीमती मानवी सोनी सहित मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बाल कौशल प्रतिस्पर्धा में डोमसरा स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**कवर्धा।** पंडरिया ब्लाक अंतर्गत बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महली संकुल का प्रतिस्पर्धा सम्पन्न हुआ। संकुल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में डोमसरा के बच्चो ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रायः सभी खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पुरुस्कार प्राप्त किए। जिसमें मिडिल विभाग में कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका ने प्रथम स्थान व बालक वर्ग में द्वितीय व प्राप्त किया। वहीं खो-खो में बालक वर्ग द्वितीय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों ने बालक कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल खेलों में भी डोमसरा के बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मिडिल विभाग के 400 मीटर दौड़ में दीपक निषाद प्रथम, 400 मीटर बालिका दौड़ में नितिका द्वितीय, अंग्रजी कन्वर्सेशन में चंचल व सती प्रथम स्थान, पहाड़ा में 40 तक पहाड़ा सुनाकर प्रथम स्थान, विज्ञान मॉडल सती निषाद प्रथम स्थान, कबाड़ से जुगाड़ में भूमिका मानिकपुरी प्रथम स्थान पर रही।

### ग्रामीणों द्वारा गौ-पालन करना प्रतिदिन तन-मन-धन लगाकर सेवा कार्य किया जा रहा

**पंडरिया।** पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पटूवा में जय ढोल बज्जा बाबा सेवा समिति द्वारा घुमंतू गाय जिसमें 50-60 की संख्या में ग्रामीण जन द्वारा सेवा किया जा रहे हैं यहां देवउठनी एकादशी के दिन सुहाई बांधकर सभी गौ माता को जगाया गया एवं गांव की सुख समृद्धि की कामना किया गया। गांव वाले अपने स्वयं के पैसे से गौ-पालन कर रहे हैं, गौ-पालन करना प्रतिदिन तन-मन-धन लगाकर सेवा कर रहे हैं यहां इस एकादशी के अवसर पर गौ सेवा आयोग ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर यादव एवं गौ सेवा आयोग जिला सदस्य मनोज सिंह ठाकुर एवं साथ में ग्रामीण जन जिसमें हीराराम यादव, जलेश्वर सप्रे, मोहित दास, शिव धुर्वे, रामसहाय पटेल, रामस्वरूप पटेल, दुधवा चंद्राकर, मंजू यादव, तिहारू निषाद, सिधवा यादव, जैत चंद्राकर, सुखी, रामअवतार साहू, भरत, ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जयंती

### गुरु गोविंद सिंह चौक दीपों की रोशनी से जगमगा उठा

# सिख समाज ने हर्षोल्लास से मनाई गुरु नानक जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- वाहे गुरु, वाहे गुरु के जयकारों से गूंज उठा पूरा शहर
- समाज के लोगों ने श्रद्धा भाव से रखे प्रतिष्ठान बंद

स्थानीय सिख समाज ने गुरु नानक देव की 556वीं जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस पावन अवसर पर 11 दिनों तक निकाली गई प्रभात फेरियों का समापन जयंती दिवस पर हुआ। दिनभर गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन, शब्द गायन और अटूट लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित अन्य समुदाय के लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

शाम होते ही गुरु गोविंद सिंह चौक दीपों की रौशनी से नहा उठा। समाज के लोगों ने गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती के उपलक्ष्य में 556 दीपक जलाकर चौक को जगमगा दिया। 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह' के नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे और युवा श्रद्धा भाव से दीप प्रज्वलित करने पहुंचे। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा। समाज के लोगों ने दिनभर अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखकर गुरु नानक देव जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।



#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में श्यामसिंह छाबड़ा, प्रीतपाल छाबड़ा, जगजीत खनूजा, नवतेश सिंह, हनी, पप्पी अजमानी, प्रीतम हुरा, जसपाल चावला, जसपाल सलूजा, रंजीत सलूजा समेत सिख समाज के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई गुरु नानक देव की जयंती



**बेमेतरा।** नगर के सिंधी समाज ने गुरु नानक देव की 556वीं जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा को आकर्षक लाइटों और फूलों से सजाया गया था। अलसुबह महिलाओं और युवाओं ने नगर कीर्तन निकालकर पूरे शहर का वातावरण भक्ति रस से भर दिया।

नगर कीर्तन शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए गुरुद्वारा पहुँचा, जहां पाठ साहिब का भोग और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालु "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह" के जयकारों से गूंज उठे।

गुरुद्वारा परिसर में समाज द्वारा आयोजित आम लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज की महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों ने सेवा भावना के साथ लंगर में योगदान दिया। लंगर सेवा में बबीता मोटवानी, स्नेहा रोहरा, डिम्पल माखीजा, दीपा दयानी, रेखा खियलानी, सरला संतवानी, निया शीतलानी, कशिश खियलानी, सोना बत्रा, जिया खियलानी सहित समाज के प्रमुख सदस्य लालू मोटवानी, प्रकाश सुखवानी, अनिल माखीजा, चंद्रप्रकाश शीतलानी, विजय सुखवानी, रवि मोटवानी, सनी मोटवानी, जैकी दयानी, सन्नी तेजवानी, चिंटू दयानी, सूरज संतवानी, बंटी संतवानी, रामा मोटवानी, दीपक मोटवानी, साहिल मोटवानी, गौरव खियलानी, जैकी खियलानी, विकास खियलानी ने सेवाएं दीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लक्की ड्रा ने बढ़ाया उत्साह

शाम होते ही सिंधी कॉलोनी दीपों की रोशनी से जगमगा उठी। रात्रि में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और लक्की ड्रा का आयोजन हुआ। लक्की ड्रा में विजेताओं को एक्टिवा स्कूटी, एलईडी टीवी, सोफा, वाशिंग मशीन सहित आकर्षक इनाम प्रदान किए गए। पूरे समाज में उल्लास का माहौल रहा, वहीं बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

# छत्तीसगढ़ी परंपराओं को यादवों ने सहेजा : विकास दीवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नगर में भक्ति और लोक परंपरा की छटा देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने प्रातः स्नान कर धर्मलाभ प्राप्त किया, वहीं शाम होते ही नगर के यादव समाज ने पारंपरिक रीति से गायों को सोहई बांधी और दोहा लगाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया।

इस पारंपरिक आयोजन की शुरुआत नगर के मालगुजार विकास धर दीवान के गौशाला से हुई, जहां यादव समाज के लोगों ने दोहा लगाकर गायों को सोहई बांधी। तत्पश्चात सभी यादवजन अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर यह रस्म निभाने निकले। इस अवसर पर विकास दीवान ने यादव समाज की सराहना करते हुए कहा कि नवागढ़ के यादवों ने जिस निष्ठा से अपनी परंपराओं को संजोया है, वह अनुकरणीय है। जब नई पीढ़ी पाश्चात्य जीवनशैली की ओर बढ़ रही है, तब यादव समाज आज भी हमारी मिट्टी की महक, संस्कृति का सम्मान और गोसेवा की भावना को जिंदा रखे हुए है। यादव समाज केवल गाय-पालन में ही नहीं, बल्कि संस्कारों और लोक संस्कृति के रक्षक के रूप में भी जाना जाता है।

**नवागढ़ में अब भी यह परंपरा जीवित :** उन्होंने आगे कहा कि मड़ई-मातर, गोवर्धन पूजा, कार्तिक पूर्णिमा जैसे पर्वों में यादव समाज की सक्रिय भागीदारी हमारे नगर नवागढ़ की पहचान है। इन उत्सवों के बिना हमारी संस्कृति अधूरी है। ऐसे समाज पर हमें गर्व है जो धर्म, परंपरा और संस्कृति की रक्षा को अपना कर्तव्य मानता है। नवागढ़ क्षेत्र में अब भी यह परंपरा जीवित है कि कार्तिक पूर्णिमा, गोवर्धन पूजा और लक्ष्मी पूजा के दिन यादवजन पशुओं को सुहाई (सोहई) बांधकर दोहा लगाते हैं और समृद्धि की कामना करते हैं।

### ऐसे बनती है सोहई

सोहई बनाने की तैयारी कई दिन पहले से की जाती है — इसमें मयूर पंख, परसा की छाल और रंगीन धागों का उपयोग होता है। पहले सोहई में मयूर पंख लगाए जाते थे, किंतु अब पंखों की कीमत बढ़ने से अधिकतर यादवजन परसा छाल से इसे सजाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन भी इसी परंपरा के तहत सोहई बांधी जाती है।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान तातू यादव, बुलटू यादव, पंचू यादव, जीवन यादव, अर्जुन यादव, परसादी यादव, खेलन यादव, चैनु यादव, पुसउ यादव, राधे यादव, उदल यादव, संतोष यादव, बनझुलवा यादव, बनबोवा यादव, पुररू यादव, अशोक यादव, जुठेल यादव, परदेशी, जतनु, जेठू, खेदू, बराती, बलदाऊ, सहदेव, चैतू, लबेदु, नेतराम, फत्ते सहित बड़ी संख्या में यादव बंधु उपस्थित रहे।

# भारत फिर से बनेगा सोने की चिड़िया : बीके पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- परमात्मा की श्रेष्ठ मत पर चलकर स्व-परिवर्तन से ही होगा विश्व-परिवर्तन

मंडी प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय निःशुल्क अलविदा तनाव शिविर के आठवें दिन का सत्र समय की पहचान – महाविजय उत्सव आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। इंदौर से पधारी प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कहा कि अनेक स्वास्थ्य परेशानियों का मूल कारण मन का तनाव है।

आधुनिक जीवनशैली में हम सब किसी न किसी रूप में तनावग्रस्त हैं, क्योंकि हमने स्वयं को पहचानना छोड़ दिया है। जब आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेती है, तब सच्चा सुख और शांति स्वतः प्राप्त होती है।

बहन ने कहा कि विश्व एक रंगमंच है और हम सभी अभिनेता हैं। यह 5000 वर्ष का एक भव्य नाटक है, जिसमें चार युगों — सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग — के माध्यम से मानव आत्मा और प्रकृति अपनी यात्रा पूरी करती है। उन्होंने बताया कि अब संगम युग चल रहा है — जब परमात्मा स्वयं अवतरित होकर सत्य ज्ञान प्रदान करते हैं, जिससे आत्माएं स्व-परिवर्तन कर विश्व-परिवर्तन का सूत्रपात करती हैं।



### राजयोग से जलते हैं रावण के अवगुण

ब्रह्माकुमारी पूनम ने कहा कि राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति अपने भीतर के रावण — अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, आलस्य, भय और नशे जैसे अवगुणों — को पहचानकर उन पर विजय पा सकता है। राजयोग आत्मा और परमात्मा के संबंध को जोड़ता है, जिससे आत्मा अपने मन और इंद्रियों पर नियंत्रण पाकर जीवन में दिव्यता और स्थिरता लाती है।

**अलौकिक यज्ञ में स्वाहा हुआ तनाव और नकारात्मकता:** कार्यक्रम के अंत में मंच पर अलौकिक यज्ञ रचा गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने अपनी कमजोरियां, तनाव और नकारात्मक भावनाएं कागज पर लिखकर अग्नि कुंड में "स्वाहा" कीं। यज्ञ में गूंज उठा तनाव स्वाहा, क्रोध स्वाहा, ईर्ष्या स्वाहा, नफरत स्वाहा, डर स्वाहा, सभी रोग व दुःख स्वाहा, व्यसन स्वाहा, डिप्रेशन स्वाहा, हाई ब्लड प्रेशर स्वाहा, सभी कमी कमजोरियां स्वाहा। इस भावनात्मक क्षण ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उपस्थित लोगों ने आत्म-शुद्धि और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प लिया।

### देवी-देवताओं के 56 दिव्य गुणों से बनेगा स्वर्णिम भारत

ब्रह्मकुमारी ने कहा — हमारा लक्ष्य है मनुष्य से देवता बनना। उन्होंने 56 दिव्य गुणों की साधना का अभ्यास साझा किया, जिनमें संतुष्टता, प्रसन्नता, शीतलता, नम्रता, सरलता, सत्यता, प्रेम, शांति, सहनशीलता, समर्पण और परोपकार जैसे गुण शामिल हैं। उन्होंने कहा — हर सप्ताह एक गुण को अपनाकर उसका अभ्यास करें। यही साधना हमें स्वर्णिम युग के योग्य बनाती है।

### अब समय है स्व-परिवर्तन का

उन्होंने ने अंत में कहा कि जब हर आत्मा परमात्मा की श्रेष्ठ मत पर चलकर अपने अंदर परिवर्तन लाएगी, तब नया सतयुग — नई दुनिया — फिर से भारत को सोने की चिड़िया बनाएगा। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और शांति, प्रेम व आनंद का अनुभव किया।

# छत्तीसगढ़ महतारी के गीत पर झूमे नन्हें कलाकार

## बच्चों ने जिला राज्योत्सव में जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा





जिला राज्योत्सव में खपरी धोबी के नन्हें-मुन्ने बाल कलाकारों ने अपनी शानदार, मनमोहक प्रस्तुति से पूरे पंडाल में समा बाँध दिया। ये छत्तीसगढ़ महतारी हे, इहाँ दुख-सुख के चिनहारी हे...गीत पर जब बच्चों ने ताल से ताल मिलाई, तो दर्शक भी अपने कदम थाम नहीं पाए — तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गूंज उठा।

प्रधान पाठक धनेश रजक के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी (विकासखंड साजा) के 25 नन्हें कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक परंपरा और तीज-त्योहारों की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। ये धमधा के राजा नोनी मोर ममा लागे... लोकगीत पर बच्चों ने जब नृत्य किया तो दर्शक भी अपनी सीटों पर बैठे-बैठे झूम उठे।

बच्चों ने गौरा-गौरी, जंवारा, ढोलक, मंजीरा जैसे लोक वाद्य लेकर मंच पर ग्रामीण जीवन की सजीव झलक दिखाई। मौके पर जिला कलेक्टर सहित अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों से बाल कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। ग्राम सरपंच गिरधारी निर्मलकर एवं गांव के पालकजन भी बच्चों की प्रस्तुति देखने स्वयं बेमेतरा पहुंचे। सरपंच ने बच्चों के सुरक्षित आवागमन हेतु स्कूल बस की व्यवस्था की, जिसके लिए प्रधान पाठक धनेश रजक ने आभार जताया। वेद प्रकाश, इंद्र कुमार, दानवीर, लवली, लक्ष्मी, तुलसी, बिंदु, मनीषा, दुर्गेश्वरी, कावेरी, कौशल, हिमानी, लक्ष्य, रेनू, टीकाराम, विक्कू, वेदिका, खुशी, एकता, पल्लवी, मिथिलेश, टुकेश्वर, धैर्य निर्मलकर, शिवम निर्मलकर।

**इन्होंने दी शुभकामनाएं :** शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देने वालों में डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी बीडी बघेल, संकुल समन्वयक मनोज वर्मा, संकुल प्रभारी राकेश मिश्रा, तारकेश्वर निर्मल, थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, गुनिता यामिनी निर्मलकर, बसंत कौशिक, हेमंत टंडन, लेखा रजक, हिम कल्याणी सिन्हा, वर्षा जैन, दिनेश वर्मा, भावसिंह नेताम, पूर्णिमा नेताम, एस. के. वर्मा, नीतू देवांगन, धनकुमार साहू, अजय, आशुतोष चौबे, राजकुमार, मीनाक्षी सोनी, गायत्री जोगी, गिरिजा पटेल, अंबालिका पटेल सहित अनेक शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### परिचय सम्मेलन में शामिल हुए युवा

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज ने बुधवारी पारा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में दिवाली मिलन समारोह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्य विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के साथ शामिल हुए। दिवाली की मिठास और उत्साह के साथ यह कार्यक्रम आपसी मिलन व पारिवारिक परिचय सम्मेलन का रूप ले लिया। समारोह में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया गया।

# धनी धर्मदास साहब के प्रकटोत्सव पर उमड़ा भक्ति और सेवा का भाव



**बेमेतरा।** सदगुरु कबीर पंथ के प्रवर्तक धनी धर्मदास साहब के प्रकटोत्सव एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कबीर पंथियों ने कबीर आश्रम में फल-प्रसाद का वितरण कर समाज में प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी और भक्तजन उपस्थित रहे। वहीं, कबीरपंथियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल और बिस्किट वितरित किए। वृद्धाश्रम में भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बुजुर्गों संग खुशी और स्नेह के साथ उत्सव मनाया। कार्यक्रम में आमीन माता महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे दिन वातावरण भक्तिमय रहा और सतनाम साहेब के जयघोष से क्षेत्र गूंज उठा।

# आम लोगों तक नहीं पहुंचा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर पंचायत में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का लाभ नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा बड़ी विडंबना है भाजपा की सत्ता होने के बाद भी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा वृद्ध जनों के लिए निशुल्क तीर्थ यात्रा कराने का संकल्प नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है लगातार चौथी बार इस योजना के तहत शहर की सीट बैरन चली गई पूरे जिले से डेढ़ सौ से अधिक तीर्थ यात्री आज विभिन्न तीर्थ स्थलों का दर्शन करने रवाना हुए जिले के सभी नगर पंचायत से यात्री गए लेकिन दुर्भाग्य साजा नगर पंचायत ने इस योजना को दरकिनार कर दिया और कोई भी यात्री इसमें शामिल नहीं हो सका। सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को जिस तरह पलीता लगाया जा रहा इसका जिम्मेदार कौन है यह तो नगर पंचायत ही तय करेगी क्योंकि यहां सब कुछ भाजपा का ही है बता देना लाजमी हो कि नगर पंचायत में कर्मचारी निर्माण कार्यों के कमीशन पर ही ज्यादा ध्यान देते हैं।

जिसके चलते इस तरह की निशुल्क योजना से उन्हें कोई वास्ता नहीं रहता तीन बार इस योजना की सीट खाली जाने पर इस योजना के प्रभारी ने जनपद से विशेष रूप से यात्री भेजने के लिए नगर पंचायत को कहा था उसके बावजूद कोई शामिल नहीं हो सक।

### पुनःअध्यक्ष बने हीरालाल

**पटेवा।** ग्राम के कर्मा भवन में परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम के हीरालाल साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष डोमार दास साहू इरईकला, दामिनी साहू इरईखुर्द, संगठन सचिव खेमलाल साहू दर्रा, धर्मावती साहू बोटेपार, सचिव चरण साहू पटेवा, कोषाध्यक्ष बुद्धूराम साहू इरईखुर्द बने है।




